## खबर संक्षेप

### चित्रकूट में अवैध धान परिवहन पर बड़ी कार्रवाई: मझगवां तहसीलदार ने जब्त किए 3 ट्रक

**सतना।** मझगवां तहसीलदार ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उत्तर प्रदेश और बिहार से अवैध तरीके से धान का परिवहन कर रहे तीन ट्रकों को जब्त किया है। ये धान मध्य प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पहुँचाने की तैयारी थी। तहसीलदार ने तीनों ट्रकों को जब्त कर लिया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### राहुल गांधी से भेंट कर घई ने मैहर की महिमा का वर्णन किया; भेंट की माँ शारदा की पवित्र छवि



**मैहर।** मध्यप्रदेश कांग्रेस द्वारा आयोजित जिलाध्यक्ष विशेष प्रशिक्षण शिविर में एक विशेष क्षण आया, जब मैहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष धर्मेशघई ने अपने सपरिवार कांग्रेस नेता राहुल गांधी से मुलाकात की। धर्मेश घई ने राहुल गांधी को जगत जननी माँ शारदा मैहर वाली की पवित्र छवि भेंट की। इस अवसर पर धर्मेश घई के साथ उनकी पत्नी श्रीमती दीपा घई और पुत्र शनि घई भी उपस्थित थे। उन्होंने राहुल गांधी को मैहर की आध्यात्मिक महिमा,सांस्कृतिक परंपरा और माँ शारदा धाम के लोक आस्था केंद्र के रूप में महत्व के बारे में विस्तार से बताया।

### श्री रामानुज वैष्णव मंडल का भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित



**सतना।** श्री रामानुज वैष्णव मंडल द्वारा कोठी सोनौरा स्थित गुड़िया यादव के निवास पर भव्य लालजी सरकार का भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सतना, कोठी, जैतवारा और मझगवां क्षेत्र के भक्तगण शामिल हुए। बोलो जय राम की,जय सियाराम की,जैसे भजनों से वातावरण भक्तिमय हो गया। मंडल के व्यवस्थापक बद्री प्रसाद गुप्ता ने कहा,एक हरि को छोड़ किसी की चलती नहीं है मनमानी। उन्होंने सभी को भक्ति,सेवा और सदाचार का संदेश दिया। भजन-कीर्तन के समापन पर सामूहिक आरती और प्रसाद वितरण किया गया,जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

### मैहर वाद्य बृंद से हुई द्वितीय संध्या की शुरूआत



**मैहर।** मैहर वाद्य बृंद के कलाकारों ने द्वितीय संध्या में राग बागेश्वरी,राग देश की द्रुत लय में नलतरंग की मनोहारी प्रस्तुति दी। समारोह की द्वितीय प्रस्तुति दिल्ली की आरोही मुंशी के भरत नाट्यम एकल नृत्य की रही।सूचिस्मिता साहू एवं साथी ओडिसा द्वारा प्रस्तुत ओड़शी समूह नृत्य,सागर के एस एल डीए अवधेश प्रताप सिंह का गायन,अश्वनी शंकर दिल्ली की शहनाई जुगलबंदी और रायपुर के सचिन कुम्हारे के कथक एकल नृत्य को दर्शकों श्रोताओं की भरपूर वाह वाही मिली। संगीत समारोह की संध्या में विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने, पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती चंचल नागर, अपर कलेक्टर सतना विकास सिंह, एसडीएम श्रीमती दिव्या पटेल, सीएसपी महेंद्र सिंह, डॉ.केसी जैन, तहसीलदार जितेंद्र पटेल, विकास तिवारी, सत्यभान पटेल, विश्वनाथ चौरसिया, आरके सिंह सहित मैहर के संगीत रसिक श्रोता गण उपस्थित रहे।

# एनएच-30 पर भीषण सड़क हादसा: बोलेरो-बाइक की टक्कर में 2 की मौत, 10 घायल





अमरपाटन थाना क्षेत्र के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर ग्राम लालपुर के पास एक तेज रफ्तार बोलेरो और बाइक के बीच हुई भीषण टक्कर में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई,जबकि 10 लोग घायल हुए हैं।

**सतना।**

टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे पलटते हुए लगभग 20फीट गहरी खाई में जा गिरा।बाइक सवार एक बुजुर्ग की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाद में,इलाज के दौरान सिविल अस्पताल अमरपाटन में बोलेरो सवार भोला राम नामक एक अन्य व्यक्ति की भी मौत हो गई। हादसे में कुल 11 लोग घायल हुए थे,जिनमें से 6 की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सतना रेफर किया गया। शेष घायलों का उपचार सिविल अस्पताल अमरपाटन में जारी है। बताया जा रहा है कि बोलेरो सवार सभी यात्री मैहर स्थित माँ शारदा मंदिर के दर्शन कर उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जा रहे थे। आशंका है कि चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा हुआ। घटना के बाद घायल चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही हाईवे एम्बुलेंस 1033 की मदद से सभी घायलों को सिविल अस्पताल अमरपाटन पहुँचाया गया। अमरपाटन थाना प्रभारी विजय परस्ते स्वयं मौके पर पहुंचे और घायलों के उपचार की निगरानी की।

### अमदरा के भदनपुर में संतरे से लदा ट्रक पलटा ग्रामीणों ने की लूट

अमदरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत भदनपुर,एन एच-30 पर एक ब्रिज के पास संतरे से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। ट्रक के पलटते ही आसपास के गाँवों के लोग बड़ी संख्या में मौके पर जमा हो गए और संतरे लूटने लगे।

## सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद सतना में आवारा कुत्तों पर कार्रवाई शून्य



### सड़कों पर बढ़ रहा खतरा, आम नागरिक दहशत में

**सतना।**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा अस्पताल,स्कूल और बस स्टैंड परिसर से आक्रामक आवारा कुत्तों को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर ले जाने के निर्देश दिए जाने के बावजूद,सतना नगर निगम फिलहाल कोई ठोस कार्रवाई करता नजर नहीं आ रहा है। शहर के इन संवेदनशील परिसरों के अलावा लगभग सभी मोहल्लों में आवारा कुत्तों के झुंड देखने को मिल रहे हैं,जिससे नागरिकों में असुरक्षा की भावना लगातार बढ़ती जा रही है। आए दिन सड़कों पर सक्रिय ये आवारा जानवर और कुत्ते लोगों पर हमला कर रहे हैं, जिससे संबंधित वीडियो भी समय-समय पर सोशल मीडिया पर सामने आते रहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने आवारा कुत्तों और जानवरों से होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं, उसका जमीनी स्तर पर असर कब दिखेगा,यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है। इस संबंध में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह का कहना है कि उन्हें अभी तक कोई आधिकारिक दिशा-निर्देश प्राप्त नहीं हुए हैं। उनका कहना है कि निर्देश मिलने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी। यह भी उल्लेखनीय है कि सतना जिले में लंबे समय से आवारा कुत्तों की नसबंदी की योजना बनाई जा रही है,जिसके लिए टेंडर भी जारी किए गए हैं,लेकिन यह महत्वपूर्ण कार्य अभी तक कार्य रूप में परिणित होता नजर नहीं आ रहा है। सड़कों पर लगातार बढ़ती इन आवारा जानवरों की संख्या ने सतना के लोगों की चिंता बढ़ा दी है।

## 12.19 लाख मतदाताओं की सूची शुद्ध करने का महाअभियान, घर घर पहुंच रहे बीएलओ

**सतना।**



भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश भर में चलाए जा रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम का सतना में जमीनी स्तर पर कार्य जोरों पर है। जिले के 12 लाख 19 हजार मतदाताओं की सूची को त्रुटिहीन बनाने के लिए करीब 3,000 कर्मचारी,जिनमें मुख्य रूप से बूथ लेवल अधिकारी शामिल हैं,घर-घर जाकर सत्यापन कर रहे हैं। हमारे सतना संवाददाता ने मैदानी कार्य कर रहे कर्मचारियों से मुलाकात कर इस अभियान का 'रियलिटी चेक' किया। बीएलओ मतदाताओं के घर तक पहुँच रहे हैं और उन्हें एक पत्रक (गणना प्रपत्र) प्रदान कर रहे हैं। इस पत्रक में मतदाता सूची में नाम बने रहने और किसी भी प्रकार के संशोधन या विलोपन के लिए जरूरी तमाम जानकारियाँ दी गई हैं। बीएलओ मतदाताओं को समझा रहे हैं कि वे प्रपत्र को ध्यानपूर्वक भरें,हस्ताक्षर करें और मतदाता सूची में अपना नाम,पता तथा अन्य विवरण सत्यापित करें। बीएलओ द्वारा मतदाताओं से नाम,पता और अन्य विवरणों के सत्यापन के लिए कुछ दस्तावेज भी मांगे जा रहे हैं,ताकि सूची में दर्ज जानकारी की सटीकता सुनिश्चित की जा सके। यह अभियान,जिसका उद्देश्य डुप्लीकेट नामों को हटाना और पात्र नागरिकों को सूची में जोड़ना है,जिले में मतदाता सूची को पूर्णतः शुद्ध करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सतना जिले में इस व्यापक पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए निर्वाचन अधिकारियों द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है,ताकि आगामी चुनावों के लिए एक पारदर्शी और विश्वसनीय मतदाता सूची तैयार हो सके।

## छोटी उम्र, बड़ा दिल: बाल समाज सेविका शिरीन खान ने पॉकेट मनी से 12 जोड़ों को दिए तोहफ़े

## सामूहिक शादी में प्रेरक पहल, समाजसेवा का दिया संदेश

**सतना।**



अल बरकात सोसाइटी द्वारा आयोजित सामूहिक शादी समारोह में इस बार एक अनोखी और प्रेरक मिसाल देखने को मिली। शहर की बाल समाजसेविका शिरीन खान ने अपनी पॉकेट मनी की बचत से 12 नवविवाहित जोड़ों को आवश्यक घरेलू सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की। इस नेक कार्य ने समारोह में उपस्थित सभी लोगों का दिल जीत लिया।शिरीन खान बचपन से ही इस तरह की समाजसेवा के कार्यों में सक्रिय रही हैं। वह लगातार जरूरतमंदों की सहायता कर समाज में संवेदनशीलता और मानवता का संदेश देती रही हैं। इस अवसर पर शिरीन ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि, अगर हम अपनी छोटी-छोटी खुशियों में से थोड़ा हिस्सा दूसरों के काम में लगाएँ,तो समाज और भी सुंदर बन सकता है। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य नागरिकों और आयोजकों ने शिरीन की इस पहल की भरपूर सराहना की।उन्होंने कहा कि शिरीन की सोच और कार्य नई पीढ़ी के लिए एक प्रेरक उदाहरण हैं। शिरीन खान के इस कार्य पर उनके माता-पिता,शेरू खान और बेनज़ीर ताज़ीन खान ने भी गर्व और प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि "हमें गर्व है कि हमारी बेटी छोटी उम्र में ही समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझती है।"




## न्यायोत्सव के तहत मैहर में विधिक सेवा दिवस पर मैराथन-वॉकथॉन का आयोजन

**मैहर।**

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में और तहसील विधिक सेवा समिति,मैहर द्वारा "न्यायोत्सव" विधिक सेवा सप्ताह के शुभारंभ के अवसर पर एक प्रेरणादायक मैराथन/वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस आयोजन का विषय "RUN FOR JUSTICE–Each step towards legal awareness" रहा। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना और "सबके लिए न्याय" के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना था।कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे घंटाघर से हुई,जिसमें युवाओं,विद्यार्थियों और स्थानीय नागरिकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

इस अवसर पर एडीजे आदेश जैन,एडीजे शरद लटौरिया,मजिस्ट्रेट उदयाजीत कुंवर राव,मजिस्ट्रेट भानु पंडवार,डीपीओ गणेश पांडे,मैहर पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह,सीएसपी महेंद्र सिंह, टीआई मैहर अनिमेष द्विवेदी सहित मैहर मजिस्ट्रेट कार्यालय एवं मैहर पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भी शिरकत की।

## ई-अटेंडेंस पर शिक्षकों का विरोध: 'गोपनीयता और साइबर फ्रॉड' के बहाने क्यों?

**सतना।**

जिले में शिक्षकों द्वारा ई-अटेंडेंस (इलेक्ट्रॉनिक हाजिरी) प्रणाली का हो रहा विरोध अब चर्चा का विषय बन गया है। विरोध करने वाले शिक्षकों द्वारा 'नेटवर्क समस्या','साइबर फ्रॉड से डेटा लीक' और 'निजी जानकारी लीक' होने जैसी दलीलें दी जा रही हैं। विरोधियों द्वारा 'साइबर फ्रॉड' और 'डेटा लीक' का दावा सही नहीं माना जा रहा है,क्योंकि ई-अटेंडेंस में बैंक या अन्य निजी प्रोफाइल की जानकारी नहीं मांगी जाती। पडोसी जिला कटनी जिले में सार्थक ऐप पर ई-अटेंडेंस की व्यवस्था आठ साल पहले ही सफलतापूर्वक लागू कर दी गई थी,जहाँ सभी विभागों के मैदानी कर्मचारी और अधिकारी इसी आधार पर अपनी हाजिरी लगाते थे और वेतन पाते थे।सतना जिले में ही पिछले दो वर्षों से लगभग तीन हजार आँगनवाड़ी कार्यकर्ता,जो कि महिलाएं हैं,लगातार 'पोषण ऐप' पर अपनी हाजिरी लगा रही हैं,लेकिन उनके डेटा लीक या अननोन कॉल की कोई समस्या सामने नहीं आई है।

### अतिथि शिक्षकों का समर्थन

जिले में अतिथि शिक्षकों का ई-अटेंडेंस प्रतिशत 95 फीसदी है,जो दर्शाता है कि यह व्यवस्था सुचारु रूप से कार्य कर सकती है।

### विरोध का असली कारण?

ई-अटेंडेंस व्यवस्था से सबसे ज्यादा आपत्ति उन शिक्षकों को है जो ग्रामीण स्कूलों में शहर से अप-डाउन करते हैं,समय पर स्कूल नहीं जाते,या समय से पहले चले जाते हैं। यह प्रणाली उन शिक्षकों पर नकेल कस रही हैजो हाजिरी रजिस्टर में अपनी मर्जी से अनुपस्थित रहने के बाद भी एक साथ उपस्थित बना देते थे। कई शिक्षक स्कूल में कम और जनप्रतिनिधियों के निवास/कार्यालयों या बीईओ/डीईओ कार्यालय में बाबुओं के साथ ज्यादा दिखते हैं,यह व्यवस्था ऐसे शिक्षकों को भी प्रभावित कर रही है। यह सवाल भी उठाया गया है कि जब पहले से ही 'सार्थक ऐप' उपलब्ध है,तो लाखों रुपये खर्च करके अलग से ऐप क्यों बनाया गया।

### डीईओ की गंभीरता पर सवाल

जिले में ई-अटेंडेंस को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी की गंभीरता पर भी सवाल उठे हैं,क्योंकि वह एक हालिया रैंकिंग बैठक के अंत तक कलेक्टर को इस व्यवस्था की स्थिति के बारे में जानकारी नहीं दे पाईं।

### लगातार चोरियों से त्रस्त कॉलोनीवासी पहुँचे मैहर थाने; पुलिस गश्त बढ़ाने की माँग



**मैहर।** मैहर के वार्ड क्रमांक 24,कृष्णा विहार कॉलोनी में पिछले कई दिनों से हो रही चोरी की लगातार वारदातों से परेशान कॉलोनीवासियों ने रविवार को थाना सिटी कोतवाली पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। कॉलोनी के निवासियों ने वार्ड पार्षद जितेंद्र पांडे के साथ थाना प्रभारी से मुलाकात की और बताया कि आशीष मिश्रा,राजेश कुमार सिंह,और एक बार फिर आशीष मिश्रा के घर में चोरी की घटनाओं से पूरी कॉलोनी में दहशत का माहौल है। निवासियों ने एक लिखित शिकायत पत्र सौंपते हुए कहा कि क्षेत्र में चोरों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन चोरी की वारदातें हो रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि पुलिस को कई बार सूचित करने के बाद भी अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। कॉलोनीवासियों ने पुलिस प्रशासन से गश्त बढ़ाने और चोरी की घटनाओं पर तत्काल अंकुश लगाने की माँग की है,ताकि आमजन सुरक्षित महसूस कर सकें।

# पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू के प्रयासों से पुलिस लाइन में आयोजित हुआ एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर






**डॉ राय हॉस्पिटल मकरोनिया सागर के सहयोग से आयोजित शिविर में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण, डॉक्टरों ने दिया सी.पी.आर. प्रशिक्षण**

पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू के निर्देशन एवं पहल पर आज दिनांक 09 नवम्बर 2025 को पुलिस लाइन पन्ना में एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिजनों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ उन्हें आपातकालीन स्वास्थ्य सहायता के प्रति जागरूक करना था। इस स्वास्थ्य शिविर का आयोजन डॉ राय हॉस्पिटल सागर के चिकित्सकों के सहयोग से किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा पुलिसकर्मियों एवं उनके परिजनों का ई.सी.जी., ब्लड प्रेशर, शुगर लेवल, सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण आदि किया गया तथा आवश्यकता अनुसार उन्हें चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सी.पी.आर. (ब्ंतकपव च्नसउवदंतल त्मेनेबपजंजपवद) का प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया। डॉक्टरों ने बताया कि आकस्मिक परिस्थितियों जैसे हृदयगति रुकने की स्थिति में सी.पी.आर. देने की सही तकनीक से किसी व्यक्ति की जान बचाई जा सकती है। प्रशिक्षण के दौरान चिकित्सकों ने डेमो के माध्यम से सी.पी.आर. की प्रक्रिया को समझाया और सावधानियों की जानकारी दी उक्त शिविर में डॉ राय हॉस्पिटल मकरोनिया सागर से डॉ. प्रतीक (एम डी मेडिसिन), डॉ संतोष राय (जनरल सर्जन), डॉ अखिलेश जैन (पल्मोनरी सर्जन), डॉ मनीष (प्लास्टिक सर्जन), डॉ नीलेश (आर्थो), डॉ श्रीधाम (न्यूरो सर्जन) एवं सहयोगी स्टॉफ उपस्थित रहा जिन्होंने संबंधित उचित जांच कर आवश्यक परामर्श दिए। इस अवसर पर एसडीओपी पन्ना एस पी सिंह बघेल, डीएसपी अजाक राजेंद्र मोहन दुबे, रक्षित निरीक्षक पन्ना श्री खिलावन सिंह कंवर, यातायात थाना प्रभारी नीलम लक्ष्यकार, थाना प्रभारी कोतवाली श्री रोहित मिश्रा, एवं पुलिस विभाग के लगभग 200 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी एवं उनके परिवारजन उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण कराया और डॉक्टरों से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्राप्त की। पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती निवेदिता नायडू ने बताया कि "पुलिसकर्मी 24 घंटे जनता की सेवा में तत्पर रहते हैं, ऐसे में उनका स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों से उन्हें समय पर स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक सलाह प्राप्त होती है जिससे वे स्वस्थ रहकर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन और बेहतर ढंग से कर सकें।"

## खबर संक्षेप

### लोसेआ की परीक्षा में अजीत मिश्रा प्रथम स्थान अर्जित कर बने डिप्टी कलेक्टर



पन्ना। जिला के मंधा निवासी संतोष मिश्रा के पुत्र ने गांव सहित जिला का नाम किया रोशन खुशी की लहर गुनौर मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा परीक्षा 2023 का फाइनल परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में पन्ना जिले के एक छोटे से गांव मँधा के संतोष मिश्रा के पुत्र अजीत कुमार मिश्रा ने पूरे प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त कर नया इतिहास रचा है। वर्तमान में अजीत मिश्रा मैहर जिले में नायब तहसीलदार के पद पर पदस्थ हैं। अजीत मिश्रा का प्रशासनिक सफर साल 2022 में नायब तहसीलदार पद पर चयन के साथ शुरू हुआ। अजीत मिश्रा की काबिलियत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि साल 2024 में वे असिस्टेंट डायरेक्टर (फाइनेंस) के पद पर भी चयनित हुए थे। लगातार सफलता की इस श्रृंखला से उन्होंने यह साबित कर दिया है कि मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पण से किसी भी मुकाम तक पहुंचा जा सकता है। अजीत मिश्रा के डब्बे टॉपर बनने की खबर मिलते ही मैहर प्रशासनिक अमले और स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बधाई दी। वहीं, पन्ना जिले में उनके घर पर खुशी का माहौल है। परिजनों और शुभचिंतकों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया। अजीत के सहयोगी अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी यह उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा बनेगी।

### शिरीष अग्रवाल कांग्रेस में शामिल



पन्ना। क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यवसायी श्री शिरीष अग्रवाल ने देशहित एवं विचारधारा से प्रेरित होकर 6 नवम्बर 2025 को कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह कार्यक्रम संस्कार गार्डन, देवेंद्रनगर में आयोजित किया गया, जहाँ गुन्नौर प्रभारी अशोक मिश्रा एवं निर्वाचन प्रभारी राजबहादुर पटेल की उपस्थिति में श्री अग्रवाल को पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गुलाल एवं पुष्पमाला पहनाकर और शाल-श्रीफल भेंट कर हार्दिक स्वागत किया। श्री शिरीष अग्रवाल देवेंद्रनगर के प्रतिष्ठित व्यापारी हैं और पिछले चार दशक से भारतीय जनता पार्टी के समर्थक रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने देशहित एवं जनता की सेवा की भावना से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी की नीतियों पर विश्वास जताया है और आने वाले समय में जनसेवा को प्राथमिकता देंगे। उन्होंने यह भी बताया कि उनसे जुड़े सैकड़ों सहयोगी और समर्थक शीघ्र ही कांग्रेस में शामिल होंगे, जिससे संगठन को क्षेत्र में नई मजबूती मिलेगी।

### सेवा और संवेदना की मिसाल बने डॉ. विनोद तिवारी

पन्ना। सीएचसी देवेंद्रनगर में मानवीय संवेदना और सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए डॉ. विनोद तिवारी ने ठंड के मौसम में मरीजों को राहत हेतु 30 कंबलों का दान किया। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अभिषेक जैन ने बताया कि यह पहल मरीजों को भौतिक के साथ मानसिक रूप से सेवा की भावना को भी प्रोत्साहित करती है। डॉ. तिवारी के इस कार्य की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयास अस्पताल में भर्ती मरीजों को ठंड से बचाने में मदद करेंगे और उपचार में सहजता बढ़ेगी। डॉ. तिवारी ने कहा कि समाज के संवेदनशील से ही सेवा भाव साकार होता है। और जनसेवा को ही सच्चे धर्म के रास्ते की उपलब्धि है। भारतीय जनता पार्टी के दक्षिण कार्यकर्ता हृदयेश सिंह परमार, बालवीर सिंह परमार, गौरव तिवारी सहित सीएचसी परिवार के सदस्यों ने इस अवसर पर उपस्थित रहकर सभी ने डॉ. तिवारी को उनके इस सामाजिक योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद एवं शुभकामनाएं दीं।

### अब घर बैठे बनेगा जीवन प्रमाण पत्र

पन्ना। हर साल नवम्बर माह में पेंशनरों को अपने जीवित होने का प्रमाण पत्र बैंक में देना पड़ता है। लेकिन जो किसी गंभीर बीमारी से पीड़ति हैं या फिर चलने-फिरने में असमर्थ हैं। को देखते हुए भारतीय डाक विभाग ने पेंशनधारकों के लिए एक सुविधाजनक सेवा की शुरुआत की है। अब पेंशनधारकों को अपने जीवन प्रमाण बनवाने के लिए बैंकों या सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी। डाक विभाग ने इस कार्य के लिए डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सुविधा प्रारंभ की है, जिसके तहत अब डाक विभाग डूर स्टेप सर्विस के माध्यम से स्वयं पेंशनधारक के घर पहुंचकर जीवन प्रमाण पत्र तैयार करेगा।

**प्रधान जिला न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी, अव्वल प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत**

# विधिक सेवा दिवस पर मैराथन दौड़ का आयोजन



पन्ना।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय पन्ना द्वारा रविवार को विधिक सेवा दिवस के मौके पर मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के अध्यक्ष राजाराम भारतीय ने जिला न्यायालय परिसर स्थित प्राधिकरण कार्यालय से मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही फीता काटकर विधिक सेवा प्रदर्शनी का भी शुभारंभ किया गया।

मैराथन रैली जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पन्ना से आरंभ होकर अजयगढ़ चौराहा, पुरानी कचहरी, प्राणनाथ चौक से होते हुए गांधी चौक तक पहुंची एवं वापस प्राधिकरण कार्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। इसमें पुरूष वर्ग में अभिलाष सिंह ठाकुर ने प्रथम, शीवेन्द्र शुक्ला ने द्वितीय एवं देवीदीन अहिरवार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में विधि छात्रा अलीसा नाज ने प्रथम, बेबी चौधरी ने द्वितीय और चाहना शिवहरे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अव्वल प्रतिभागियों को विजेता ट्रॉफी, स्मृति चिन्ह, मेडल व प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। रविवार से 14 नवम्बर तक निरंतर चलने वाली विधिक सेवा सप्ताह की अन्य गतिविधियां भी प्रारंभ हुईं। प्रथम दिवस विधिक सेवा प्रदर्शनी के माध्यम से नालसा एवं सालसा की योजनाओं तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न विधिक सेवाओं व योजनाओं का प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इस मौके पर आम नागरिकों से भी प्रदर्शनी के अवलोकन का आग्रह किया गया।

कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश सुरेन्द्र मेश्राम एवं अरविन्द शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रीतिका पाठक, न्यायिक मजिस्ट्रेट भूपेन्द्र सिंह एवं श्वेता आर्य, जिला विधिक सहायता अधिकारी अतुल सेन, जिला जेल अधीक्षक आर.पी. मिश्रा, जिला चिकित्सालय से शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सैंकी अग्रवाल, मेल नर्सिंग ऑफिसर अजय डुडवे, मस्तराम रजक, लोकेन्द्र सिंह, यातायात प्रभारी नीलम लक्ष्यकार, लीगल एड डिफेंस काउंसिल टीम चीफ आनंद त्रिपाठी, डिप्टी चीफ करन सिंह, पवन पाण्डेय, असिस्टेंट विजयलक्ष्मी, रोहित नायक, शशांक चतुर्वेदी, राजकुमार सेन, शर्मिला विश्वास, देवीदीन अहिरवार, प्रशांत कुशवाहा, अनुराग गुप्ता, मुकेश सोनी, सलमान खान, जयप्रकाश लटोरिया सहित पैरालीगल वालंटियर्स तथा अन्य स्टॉफ भी उपस्थित रहा।



**मित्रता हो तो कृष्ण -सुदामा जैसी हो - पंडित कुण्डल शास्त्री**

## कथा में कृष्ण -सुदामा चरित्र का वर्णन सुनकर भाव विभोर हुए श्रद्धालु

**पवई** । माँ कलेही की पावन नगरी पवई में मिलौनीगंज स्थित माँ सिद्धेश्वरी मंदिर प्रांगण मे लखेरा परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है इस पावन पुनीत कथा के कथावाचक पं. कुण्डल कृष्ण शास्त्री चित्रकूट धाम है जिनके मुखारविंद से 03 नवंबर से 10 नवंबर तक श्रीमदभागवत कथा के विभिन्न प्रसंगों का संगीतमय वर्णन सुनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत 09 नवंबर रविवार को सुदामा चरित्र का बड़ा ही मार्मिक वर्णन सुनाया उन्होंने कहा की मित्रता मे गरीबी और अमीरी नही देखनी चाहिए, मित्र एक दूसरे का पूरक होता है उन्होंने बताया की सुदामा चरित्र हमे जीवन मे आई कठिनाइयों का सामना करने की सीख देता है सुदामा ने भगवान के पास होते हुए भी अपने लिए कुछ नाही मांगा अर्थात निःस्वार्थ समर्पण ही मित्रता है साथ ही मित्र का विपरीत परिस्थिति मे साथ निभाना ही मित्रता का सच्चा धर्म है । इसके पूर्व 08 नवंबर शनिवार को रामलीला वर्णन ,कंस वध सहित रुक्मणि विवाह के प्रसंग की कथा का संगीतमय श्रवण कराया गया कथा पंडाल मे विवाह का प्रसंग आते ही चारो तरफ से श्रीकृष्ण - रुक्मणि जी पर पुष्पवर्षा हुई। आयोजनकर्ता लखेरा परिवार द्वारा धर्मप्रेमियों से कार्यक्रम में पहुंचकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है।



## अमानगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया सांसद विष्णु दत्त शर्मा का भव्य स्वागत

अमानगंज।

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा का अमानगंज पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। जैसे ही सांसद शर्मा का काफिला नगर में पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर उनका अभिनंदन किया और "भारतीय जनता पार्टी ज़िंदाबाद" के नारों से वातावरण गूंज उठा। सांसद शर्मा ने कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते हुए संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों की तैयारी पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं और जनता के बीच रहकर विकास कार्यों की जानकारी देना ही हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सारिका शारदा खटीक मंडल पूर्व महामंत्री प्रदीप अवस्थी पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष भाजपा नेता राजू चौबे वरिष्ठ नेता मस्तराम राजपूत लखन तिवारी सुरेश रेले अरविंद दुबे प्रेम नारायण शर्मा बृजेश राजपूत संतोष सोनी रामू सोनी हरिओम असाटी राजेंद्र राजपूत आनंद लोधी एवं भाजपा कार्यकर्ता सहित पत्रकार बंधु नगर की जनता जनार्दन मौजूद रही।

# ग्राम पंचायत खोरा में पुनः हुआ विराट इनामी दंगल, क्षेत्रीय पहलवानों ने दिखाया दमखम




खोरा (अंजयगढ़)।

ग्राम पंचायत खोरा में परंपरा को आगे बढ़ाते हुए एक बार फिर विराट इनामी दंगल का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन दादू राम सिंह फौजी, देशपाल सिंह फौजी एवं राम मूरत (पंच) के निर्देशन में बड़ी फिल्ड खोरा में संपन्न हुआ, जिसमें दूर-दूर से आए नामी पहलवानों ने अपनी कुश्ती कला का प्रदर्शन कर दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थाना प्रभारी धरमपुर तथा विशिष्ट अतिथि चौकी प्रभारी खोरा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लाला राम (जनपद सदस्य) एवं शुभकान्त (सरपंच खोरा) ने की। दंगल की प्रत्येक कुश्ती रोमांच से भरपूर रही और दर्शकों ने खिलाड़ियों का जमकर उत्साहवर्धन किया। दिया सरपंच रामशिरोमणि ने बाल पहलवानों के जज़्बे की सराहना करते हुए उनकी हौसलाअफजाई की। आयोजन समिति में रामचंद्र उर्फ नेता राजपूत, दीपु, छोटे राजपूत तथा कोमल टेंट हाउस कारी पुरवा का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में लक्ष्मण सिंह राजपूत व हिरु पहलवान ने रेफरी की भूमिका निभाई, जबकि हिरमणि भुर्जी व दिनेश निर्णायक के रूप में सक्रिय रहे। संचालन राजकुमार रैकवार ने किया। दंगल की सफलता में प्रो. नरेंद्र सिंह राजपूत (महाविद्यालय खोरा) का सहयोग उल्लेखनीय रहा। कार्यक्रम में चुरामणि भुर्जी, राजेश सिंह लोधी (एलआईसी सलाहकार), रोशन सिंह, हेमराज लोधी, फुलचंद पहलवान (अमलाहट), विजय वैद्य, मिहिलाल सरपंच (मडरका) सहित सैकड़ों कुश्ती प्रेमी उपस्थित रहे।

## सेवानिवृत्ति वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर प्रसाद खरे सचिव बने



पन्ना।

पन्ना जिले की साहित्यिक संस्था जिला बुंदेली साहित्य संस्कृत भाषा विकास संरक्षण समिति द्वारा लगातार सामाजिक एवं उत्कृष्ट कार्य किए जा रहे हैं जिसको देखते हुए लोग उक्त संस्था से लगातार जुड़ रहे हैं उक्त संस्था के अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा प्रबोध द्वारा लगातार सामाजिक कार्य करने वाले लोगों को जोड़ा जा रहा है इसी कड़ी में वरिष्ठ सेवा निवृत्त शिक्षक रामेश्वर प्रसाद खरे को सचिव नियुक्त किया गया है श्री खरे शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाले शिक्षक रहे हैं अब वह सामाजिक क्षेत्र में अपना योगदान दे रहे हैं उनकी नियुक्ति पर इष्ट मित्रों शुभचिंतकों साहित्यकारों पत्रकारों ने बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## हर विवाह का होगा पंजीयन सामूहिक विवाह में कार्यक्रम स्थल पर ही प्रमाण पत्र देने का सुझाव

**पन्ना**। देव उठनी एकादशी के साथ ही विवाहों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। विवाहों के शत प्रतिशत पंजीयन के लिए कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए गए हैं। यह योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की एक सराहनीय पहल है। इससे विवाहों का शत प्रतिशत पंजीयन हो सकेगा, जिससे भविष्य में दंपत्ति को कानूनी अड़चनों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विवाह रजिस्ट्रेशन नियम 2008 के अनुसार राज्य के भीतर भारत के नागरिकों के बीच किसी भी विधि या रूढ़ि के अधीन सत्यापित किए गए विवाह का पंजीयन किया जाता है। विवाहों का पंजीयन नहीं होने पर विशेष तौर पर महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पति की मृत्यु के बाद उनको मिलने वाले स्वत्वों के भुगतान आदि में परेशानी होती है। विवाह पंजीयन के लक्ष्य को शत प्रतिशत प्राप्त करने हेतु प्रदेश के समस्त कलेक्टरों का ध्यान आकृष्ट किया गया है। जिलों में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री निकाह योजना एवं अन्य सामूहिक विवाहों में कार्यक्रम स्थल पर ही विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने का सुझाव दिया गया है। सामूहिक विवाह कराने वाली सभी संस्थाओं से जागरूकता बढ़ाने मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की गई है। स्थानीय निकायों, सार्वजनिक स्थलों, शादी हॉल और मैरिज गार्डन में भी अनिवार्य रूप से विवाह पंजीयन करवाने संबंधी होर्डिंग लगाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## देवेंद्रनगर का गौरवः सिद्धांत जैन मुख्य कार्यपालन अधिकारी चयनित



पन्ना।

देवेन्द्रनगर के होनहार युवा सिद्धांत जैन उर्फ रासु, पुत्र संजय उर्फ डी.के. जैन, ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग 2023 परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। घोषित परिणामों में सिद्धांत का चयन मुख्य कार्यपालन अधिकारी पद पर हुआ है। सिद्धांत जैन ने अपनी प्रारंभिक हाईस्कूल शिक्षा जीरो मॉडल हाईस्कूल, देवेंद्रनगर से प्राप्त की थी। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित पूरे नगर में हर्ष का माहौल है। जीरो सेवा समिति के अध्यक्ष श्री कमलेश जैन तथा समिति के समस्त पदाधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन ने सिद्धांत जैन को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने कहा कि सिद्धांत की यह सफलता नगर के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है और यह देवेंद्रनगर का नाम रोशन करने वाला गौरवपूर्ण क्षण है। सिद्धांत जैन की इस उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र से बधाई संदेशों का तांता लग गया है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य और निरंतर सफलता की कामना की है। "आप उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर आगे बढ़ें और अपने माता-पिता तथा नगर का नाम इसी तरह ऊँचा करते रहें।"

**खबर संक्षेप**



## महाराजपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन संपन्न

**महाराजपुर**। नगर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन निकाला गया। यह आयोजन संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर मनाए जा रहे शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में किया गया। पथ संचलन में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों ने अनुशासित पंक्तियों में भाग लिया और देशभक्ति के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। पथ संचलन की शुरुआत चौरसिया धर्मशाला बस स्टैंड से की गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः चौरसिया धर्मशाला पहुंचा। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग सेवा प्रमुख आनंद भार्गव मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी अंबिका प्रसाद चौरसिया मंचासीन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड संघचालक विष्णुदत्त मिश्रा ने की। संचलन के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह स्वयंसेवकों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया। पथ संचलन में 100 से अधिक पूर्ण गणवेशधारी स्वयंसेवक शामिल हुए। पूरे आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन भी मुस्तैद रहा और व्यवस्था बनाए रखी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इस शताब्दी वर्ष अवसर पर आयोजित पथ संचलन ने नगर में देशभक्ति, अनुशासन और एकता का संदेश दिया।

## एसडीएम ने छतरपुर में कार्य का निरीक्षण किया, बीएलओ को प्रगति बढ़ाने के निर्देश



**छतरपुर**। छतरपुर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिले में नर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 प्रक्रिया में बीएलओ द्वारा गणना पत्रकों के वितरण किया जा रहा है। साथ ही 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग, गणना पत्रकों की बीएलओ द्वारा घर घर जाकर सर्वे आदि कार्य किए जा रहे है। इसी क्रम में रविवार को एसडीएम अखिल राठौर द्वारा छतरपुर शहर में कार्य का निरीक्षण कर मॉनिटरिंग की गई। साथ ही मतदान केंद्रों के बीएलओ को बुलाकर कार्य में प्रगति बढ़ाने के लिए निर्देशित किया गया। इसके अलावा सेक्टर ऑफिसर की मदद से टेबल टॉप एक्सरसाइज़ किया गया। जिसमें ज्यादा से ज्यादा लोगों की 2003 की मतदाता सूची से मैपिंग कराई गई।

## योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की मुहिम, हर विवाह का होगा पंजीयन

**सामूहिक विवाह में कार्यक्रम स्थल पर ही प्रमाण-पत्र देने का सुझाव**

**छतरपुर**। देव उठनी एकादशी के साथ ही विवाहों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। विवाहों के शत-प्रतिशत पंजीयन के लिये प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किये गये हैं। यह योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की एक सराहनीय पहल है। इससे विवाहों का शत-प्रतिशत पंजीयन हो सकेगा, जिससे भविष्य में दंपत्ति को कानूनी अड़चनों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विवाह रजिस्ट्रेशन नियम 2008 के अनुसार राज्य के भीतर भारत के नागरिकों के बीच किसी भी विधि या रूढ़ी के अधीन सत्यापित किये गये विवाह का पंजीयन किया जाता है। विवाहों का पंजीयन नहीं होने पर विशेष तौर पर महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पति की मृत्यु के बाद उनको मिलने वाले स्वत्वों के भुगतान आदि में परेशानी होती है। आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी श्री विकास मिश्रा ने बताया है कि विवाह पंजीयन के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने हेतु प्रदेश के समस्त कलेक्टरों का ध्यान आकृष्ट किया गया है। जिलों में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री निकाह योजना एवं अन्य सामूहिक विवाहों में कार्यक्रम स्थल पर ही विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का सुझाव दिया गया है।

### वीआईपी, वीवीआईपी वाहन घोटाले ने कलेक्टर पार्थ जायसवाल की कार्यप्रणाली पर खड़े किए सवाल

# छतरपुर में वीआईपी वाहन घोटाला होने के बाद भी कार्रवाई शून्य

छतरपुर

जिले में वीआईपी, वीवीआईपी का आना जाना अधिकतर बना रहता है। और बीआईपी के लिए वाहन उपलब्ध कराना प्रशासन की सत्कार शाखा की जिम्मेदारी रहती है, लेकिन वीआईपी के नाम पर भी इतना बड़ा घोटाला हो जाएगा, यह किसी ने सोचा भी नही था। घोटाला होने के बाद भी प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उनकी चुप्पी सवालिया निशान खड़ा कर रही है। क्योंकि इस पूरे मामले में प्रशासन जानकर भी अनजान बना हुआ है, और कार्यवाही के नाम पर नतीजा सिफ जीरो है। जबकि इस घोटाले में एएण्डएस ग्रुप पर आरोप है कि उन्होंने बीआईपी दौरे के लिए वाहन किराए पर देने के नाम पर फर्जीवाड़ा कर और बढी हुई दर पर बिल देकर शासकीय राशि में बड़ा घोटाला किया है। यदि यह कहा जाए की शासन की अमानत में खयानत की गई तो कोई अतिशयोक्त नहीं होगी। क्योंकि पूरा मामला उजागर होने के बाद भी अधिकारी चुप्पी साधे हुए है। चुकिं तत्कालीन एडीएम जिनके पास सत्कार शाखा का प्रभार था वह वर्तमान में जिला पंचायत सीईओ है। और वर्तमान एडीएम भी इस पूरे मामले से जानबुझकर भी अनभिज्ञ बने हुए है प्रशासनिक अधिकारियों की चुप्पी के कारण वीआईपी वाहन के नाम पर फर्जी बिल लगाकर लाखों का बारा न्यारा किया गया है।

**बजरंग दल के पूर्व संयोजक और अफसरों की मिलीभगत से हुआ है लाखों का घोटाला**

### फर्जी बिलों से उड़ाए लाखों रुपये -

जांच में सामने आया कि पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के छतरपुर दौरे के दौरान एएंडएस ग्रुप ने दो वाहनों — UP 78 BZ 8119 और MP 16 BD 1520 — को "न्यू हाइब्रिड हाईकोस" श्रेणी का बताकर 50,258 का बिल पेश किया था।




लेकिन हकीकत मे यह दोनो वाहन साधारण इनोवा निकले। यानि एक साधारण गाड़ी को लक्ज़री श्रेणी दिखाकर सरकारी खजाने से अधिक भुगतान वसूला गया। इसी तरह हर महीने लाखों रुपए के फर्जी बिलों का भुगतान अधिकारियों की मिलीभगत से क्योंकि रहा है।

### बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक की है वीआईपी वाहन कंपनी -

वीआईपी दौरे के लिए एएण्डएस गुप से वाहन अधिग्रहित किए गए थे और यह कंपनी बजरंग दल के पूर्व जिला संयोजक सुरेन्द्र शिवहरे द्वारा संचालित किया जाना बताया जा रहा। कंपनी और सत्कार शाखा के बाबुओं के मध्य गहरे संबंधों ने ही इस बड़े घोटाले को जन्म दिया है। इतना बड़ा आर्थिक घोटाला होने के बाद भी शासन की चुप्पी कई सबाल खड़े कर रही है। वहीं प्रशासन की पारदर्शी कार्यप्रणाली पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है अब सभी की नजरें जिला कलेक्टर पर लगी हुई है कि आखिर वह इस बड़े घोटाले के विरूद्व कब और कितना सख्त कदम उठाते है।




### छतरपुर पुलिस लाइन में हेल्थ कैंप का आयोजन

**छतरपुर**। पुलिस कर्मियों की सेहत को ध्यान में रखते हुए रविवार को पुलिस लाइन में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मेडिस्पेशलिटी हॉस्पिटल सागर की सहायता से लगाया गया, जिसमें बेसिक जांचों के साथ एडवांस मेडिकल टेस्ट भी किए गए। स्वास्थ्य शिविर में जिलेभर से आए पुलिसकर्मी, होमगार्ड, जेल विभाग और फॉरेस्ट विभाग के कर्मचारियों ने भाग लिया। पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने स्वयं भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया और शिविर की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। एसपी जैन ने बताया कि यह मेडिकल कैम्प छतरपुर के सभी वर्दीधारी कर्मचारियों के लिए एक अच्छा अवसर है। इसमें करीब 500 से अधिक लोगों के लाभान्वित होने की उम्मीद है। कैशलेस स्कीम के तहत कई जांचें और इलाज कवर किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की नौकरी 24 घंटे की होती है, जिसमें ड्यूटी का कोई निश्चित समय नहीं होता। ऐसे में पुलिसकर्मी अपनी सेहत पर ध्यान नहीं दे पाते। इस प्रकार के शिविर न केवल स्वास्थ्य जांच का अवसर देते हैं, बल्कि बेहतर जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित भी करते हैं। एसपी ने सभी अधिकारियों और जवानों से अपील की कि वे नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य जांच कराएं और फिट रहकर जनता की सेवा में तत्पर रहें।

# 13 साल के मासूम के साथ 70 साल के बुजुर्ग ने किया घिनौना कृत्य

### अस्पताल के गार्ड ने रंगेहाथ पकड़ा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**छतरपुर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के जिला अस्पताल परिसर से एक शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां 70 साल के एक रिक्शा चालक बुजुर्ग ने 13 साल के मासूम बच्चे के साथ पांच दिनों तक गलत काम किया। देर रात आरोपी को अस्पताल के गार्ड ने रंगेहाथ पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।**

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट और दुष्कर्म की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार, पीड़ित बच्चे के पिता का करीब पांच माह पहले सड़क हादसे में गंभीर एक्सीडेंट हो गया था। वह साइकिल से गांव लौट रहे थे तभी मेडिकल कॉलेज के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से उनके सिर और जांघ में फैक्चर हो गया था। पिता के इलाज के दौरान बच्चा अक्सर अस्पताल आता-जाता था। इसी दौरान आरोपी रिक्शा चालक शब्बीर खान (70 वर्ष) ने बच्चे को अपने जाल में फंसाया और जान से मारने की धमकी देकर बीते पांच दिनों से उसके साथ मेला ग्राउंड और अस्पताल परिसर में गलत काम कर रहा था। बीती रात आरोपी अस्पताल के रैंप पर बच्चे के साथ फिर वही घिनौना कृत्य कर रहा था, तभी गार्ड ने देख लिया और तुरंत पकड़कर पुलिस को सूचना दी।



पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया। पीड़ित बच्चे को तत्काल पीआईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। वहीं आरोपी शब्बीर खान ने पुलिस पूछताछ में जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया, जिसके बाद डॉक्टरों ने उसे सामान्य बताया और छुट्टी दे दी। यह घटना पूरे शहर में आक्रोश और हैरानी का विषय बनी हुई है। लोग मांग कर रहे हैं कि आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाए ताकि भविष्य में कोई और मासूम इस तरह की दरिंदगी का शिकार न हो सके।

# स्कूल परिसर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन, नारी शक्ति ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हरपालपुर।

नगर के कपास मिल कॉलोनी स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में रविवार दोपहर लगभग डेढ़ बजे सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि प्रियंका तिवारी, मुख्य वक्ता पार्षद कीर्ति अग्रवाल, तथा अध्यक्ष सीमा कौशिक, रजनी तिवारी, सरोज रूसिया और मोनिका सोनी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला सशक्तिकरण एवं मातृशक्ति जागरण पर केंद्रित रहा। वक्ताओं ने कहा कि बदलते परिवेश में महिलाओं को परिवार, समाज और राष्ट्र के विकास कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। सप्त शक्ति संगम का मुख्य लक्ष्य भारतीय नारी में निहित गुणों को जागृत करना और मातृशक्ति की भारतीय दृष्टि को विकसित करना है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों एवं उपस्थित महिलाओं का अभिवादन किया। वक्ताओं ने बताया कि संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विद्यालय परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला और छात्राओं में विशेष जोश देखने को मिला। कार्यक्रम के समापन पर सभी को नारी शक्ति के उत्थान हेतु प्रेरित किया गया।



# सप्त शक्ति संगम में 500 मातृशक्तियों का हुआ संगम, समाज में पंच परिवर्तन का लिया संकल्प

**छतरपुर**। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिंचाई कॉलोनी में 9 नवम्बर 2025 को सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के मीडिया प्रभारी जयेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम में शहर की लगभग 500 मातृशक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में मातृशक्तियों के माध्यम से पंचपरिवर्तन कुटुम्ब प्रबोधन, स्व का बोध, पर्यावरण संरक्षण, नैतिक कर्तव्य और सामाजिक समरसता को साकार करना था।



कार्यक्रम में वक्ता भाग्यश्री नातू ने कुटुम्ब प्रबोधन और पर्यावरण संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए, वहीं श्रीमती मंजूषा खरे ने भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान भी किया गया। श्यामबाई पटेल पति स्व. धर्मदास पटेल (कारगिल युद्ध में बलिदानी) एवं गीता सेन माता शिवम् सेन (प्रचारक, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) को सम्मानित किया गया। साथ ही वीरांगना स्वरूप के रूप में प्रभा मिश्रा (अहिल्याबाई), वंदना अग्रवाल (जीजाबाई), पारूल मिश्रा (पद्मावती), प्रगति तिवारी (दुर्गाबाई) एवं तनु सौनकिया (लक्ष्मीबाई) को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

कार्यक्रम की प्रस्तावना संयोजिका अनीता दीक्षित ने प्रस्तुत की तथा जिला संयोजिका नेहा पाटकार ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. प्रियंका अग्निहोत्री, नेत्र विशेषज्ञ एवं विद्यालय की पूर्व छात्रा ने की। कार्यक्रम के पुरुष प्रभारी समाजसेवी विवेक जैन रहे, जिन्होंने आयोजन में सहयोग प्रदान किया। विद्यालय प्राचार्य कृष्णकांत खरे ने विवेक जैन एवं सभी मातृशक्तियों को शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन मधुरिमा श्रीवास्व ने किया और अंत में संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने न्यायालय परिसर में मैराथन दौड़ को दिखाई हरी झंडी

**छतरपुर। म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार न्यायोत्सवः विधिक सेवा सप्ताह 2025 का शुभारंभ रविवार को विधिक सेवा दिवस के अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छतरपुर रविंदर सिंह के मार्गदर्शन में न्यायाधीशगण, पैनल अधिवक्तागण, पैरागलीगल वालेंटियर्स एवं विधि विद्यार्थियों, खेल विभाग के कर्मचारीगण, चिकित्सकगण, न्यायिक कर्मचारीगण की उपस्थिति में न्याय के लिए दौड़ कार्यक्रम के अंतर्गत मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।**

विधिक सेवा सप्ताह का शुभारंभ मैराथन दौड़ के साथ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। मैराथन दौड़ दल न्यायालय परिसर से छत्रसाल चौराहा , चौक बाजार, फव्वारा चौक , चौबे तिगड्डा होते हुए वापस जिला न्यायालय परिसर पहुंची। मैराथन दौड़ में न्यायाधीशगण, विधि महाविद्यालयों के विद्यार्थी, पैरालीगल वालेंटियर्स, एल.ए.डी.सी.एस., खेल विभाग के कर्मचारीगण स्टॉफ तथा कर्मचारीगण एव अन्य गणमान्य नागरिको ने सहभागिता की।

इस अवसर पर विशेष न्यायाधीश उपेंद्र प्रताप सिंह, जिला न्यायाधीशगण कविता वर्मा, हिमांशु शर्मा, निवेश जैसवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट स्वाति निवेश जैसवाल, अन्य न्यायाधीशगण रानो बघेल, अरविन्द गुर्जर, प्रेरणा जैन , राहुल जैन, संघशिखा बंसकार , आकांक्षा गर्ग, संतोष कुशवाहा सहित सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण विष्णु सोलंकी, जिला विधिक सहायता अधिकारी विरेन्द्र चढ़ार, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष गुड्डू दीक्षित उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में पुलिस विभाग एवं नगर पालिका का विशेष सहयोग रहा। विधिक सेवा सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को कानून और उनके अधिकारों की जानकारी दी जाएगी। जिसमें 9 नवंबर को जन जागरूकता मैराथन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। 10 नवम्बर को जेलों में कानूनी जागरूकता शिविर आयोजित होंगे, जहां कैदियों को उनके कानूनी अधिकारों और मुफ्त कानूनी सहायता के बारे में बताया जाएगा। 11 नवम्बर को विश्व शिक्षा दिवस पर स्कलों और कॉलेजों में कानूनी विषय पर चर्चा होगी। 12 नवम्बर को ग्रामीण और श्रमिक क्षेत्रों में जागरूकता शिविर होंगें। जहां नागरिकों को कानूनी अधिकारों और सरकारी सेवाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। 13 नवम्बर को बाल देखभाल संस्थानों का निरीक्षण और जागरूकता शिविर होगा, जिसमें बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में शिक्षित किया जाएगा। 14 नवम्बर को बाल दिवस पर कानूनी और जागरूकता अभियान आयोजित किया जायेगा, जिसमें बच्चों के लिए सांस्कृतिक गतिविधियां और आत्मविश्वास बढ़ाने वाले सत्र होंगे।



# कलेक्टर के निर्देशन में सीईओ जिपं ने ग्राम चंद्रनगर एवं राजगढ़ का निरीक्षण किया

**टेराकोटा केंद्र में समूह से अधिक से अधिक लोगों को जोडने के निर्देश**

छतरपुर। कलेक्टर पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ नमः शिवाय अरजरिया द्वारा स्वर्गेश्वर गौशाला ग्राम पंचायत राजगढ़ एवं चंद्रनगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में 103 गौवंश दलिया खिलाते हुए पाए गए। गौशाला में पर्याप्त मात्रा में भूसा, चारा भी उपलब्ध पाया गया। गौशाला को संचालित करने वाले समूह द्वारा बर्मी कम्पोस्ट एवं गोबर से बनाए जाने वाले दीपक एवं गौमूत्र से होने वाली आय के संबंध में भी अवगत कराया गया। सीईओ जिला पंचायत ने गौशाला में विद्युत कनेक्शन एवं चारागाह के विकास हेतु तत्काल कार्यवाही किए जाने के संबंध में निर्देशित किया। इसके बाद ग्राम पंचायत चंद्रनगर में निर्माणाधीन टेराकोटा भवन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्मित कैंटीन एरिया एवं प्रशिक्षण कक्ष का अवलोकन करते हुए शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात चंद्रनगर में टेराकोटा केंद्र के निरीक्षण में विभिन्न प्रकार के खिलौने एवं सामग्री का अवलोकन किया एवं समूह में अधिक से अधिक लोगों को जोडने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान जनपद राजनगर सीईओ, एनआरएलएम के विकासखंड समन्वयक एवं अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।



# दद्दा धाम कटनी में 9 से 13 नवंबर तक भव्य प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, देशभर के संत-महात्मा और भक्त होंगे शामिल

**खजुराहो मे की गई विशेष पूजा अर्चना**

**कटनी**। गृहस्थ संत परम पूज्य गुरुदेव अनंत विभूषित पंडित देव प्रभाकर शास्त्री (दद्दा जी) की असीम कृपा से दद्दा धाम, झिझरी कटनी में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, असंख्य पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक एवं अमृतमयी कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन श्री कृष्ण वृद्ध आश्रम प्रांगण, दद्दा धाम में 9 नवंबर से 13 नवंबर 2025 तक संपन्न होगा। कार्यक्रम का आयोजन संजय सत्येंद्र पाठक द्वारा किया जा रहा है, जबकि कार्यक्रम के व्यवस्थापक आशुतोष राणा हैं। महोत्सव की सफलता की मंगल कामना के लिए मतँगेश्वर सेवा समिति, दद्दा जी इंटरनेशनल कल्चर सेंटर एवं खजुराहो डेवलपमेंट एसोसिएशन के पंडित सुधीर शर्मा एवं समिति के सदस्यों ने ब्रह्म मुहूर्त में श्री मतँगेश्वर महादेव की आरती कर प्रसाद वितरण किया। तत्पश्चात चौंसठ योगिनी, माँ बगराजन देवी, त्रिलोखर धाम, बलखंडी भगवान बिहारी जू महाराज एवं गेल के बब्बा जू में विशेष पूजन-अर्चना की गई। इसके साथ ही आदीनाथ एवं शांतिनाथ मंदिर में जाकर शांतिधारा पाठ संपन्न किया गया। पंडित शर्मा ने बताया कि दद्दा जी का खजुराहो के मतँगेश्वर एवं विहारी जू मंदिर से गहरा आध्यात्मिक संबंध रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन दद्दा जी के आशीर्वाद से भक्ति, सेवा और समर्पण का अद्वितीय संगम बनेगा। महोत्सव के दौरान देशभर के अनेक प्रख्यात संत, कथा वाचक एवं भजन गायक भाग लेंगे। 11 एवं 12 नवंबर को आयोजित होने वाले भक्तिमय सत्संग में पंडित अनिरुद्धाचार्य जी महाराज, पंडित मोहित मराल गोस्वामी, पंडित पुंडरीक गोस्वामी जी एवं रेणुका जी प्रवचन देंगे। वहीं कन्हैया मित्तल, चित्र-विचित्र जी, निकुंज एवं अरुपी जी, नन्हे भक्त भागवत प्रभु जी तथा अनुरागी पूर्णिमा (पूनम दीदी) अपने मधुर भजनों से भक्तों को भावविभोर करेंगे। देश और विदेश से बड़ी संख्या में दद्दा जी के श्रद्धालु इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होने आ रहे हैं। दद्दा धाम कटनी इन पाँच दिवसीय अनुष्ठानों के दौरान एक विराट आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक संगम का साक्षी बनेगा।






### संगम सेवालय को राष्ट्रीय मदर टेरेसा समर्पण गौरव अवॉर्ड से किया गया सम्मानित

**छतरपुर**। समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए संगम सेवालय को जयपुर में आयोजित एक भव्य समारोह में राष्ट्रीय मदर टेरेसा समर्पण गौरव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान संगम सेवालय को उनके द्वारा किए जा रहे निरंतर समाजसेवी कार्यों जैसे कि निःशुल्क भोजन वितरण, शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा गरीब एवं असहाय वर्ग की सेवा के लिए प्रदान किया गया। कार्यक्रम में देशभर से आए हुए अनेक सामाजिक संगठनों और समाजसेवियों को उनके कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। संगम सेवालय की ओर से यह सम्मान संचालक अंजू अवस्थी और विपिन अवस्थी ने ग्रहण किया, जिन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय संस्था के सभी सदस्यों, सहयोगियों और स्वयंसेवकों को दिया।

## खबर संक्षेप

### योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की मुहिम, हर विवाह का होगा पंजीयन, सामूहिक विवाह में कार्यक्रम स्थल पर ही प्रमाण-पत्र देने का सुझाव

**रीवा।** देव उठनी एकादशी के साथ ही विवाहों का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। विवाहों के शत-प्रतिशत पंजीयन के लिये प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किये गये हैं। यह योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग की एक सराहनीय पहल है। इससे विवाहों का शत-प्रतिशत पंजीयन हो सकेगा, जिससे भविष्य में दंपति को कानूनी अड़चनों का सामना नहीं करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश विवाह रजिस्ट्रेशन नियम 2008 के अनुसार राज्य के भीतर भारत के नागरिकों के बीच किसी भी विधि या रुढ़ि के अधीन सत्यापित किये गये विवाह का पंजीयन किया जाता है। विवाहों का पंजीयन नहीं होने पर विशेष तौर पर महिलाओं को कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पति की मृत्यु के बाद उनको मिलने वाले स्वत्वों के भुगतान आदि में परेशानी होती है।आयुक्त आर्थिक एवं सांख्यिकी विकास मिश्रा ने बताया है कि विवाह पंजीयन के लक्ष्य को शत-प्रतिशत प्राप्त करने हेतु प्रदेश के समस्त कलेक्टरों का ध्यान आकृष्ट किया गया है। जिलों में आयोजित होने वाले मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मुख्यमंत्री निकाह योजना एवं अन्य सामूहिक विवाहों में कार्यक्रम स्थल पर ही विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने का सुझाव दिया गया है। आयुक्त श्री मिश्रा ने सामूहिक विवाह कराने वाली सभी संस्थाओं से जागरूकता बढ़ाने मुहिम में बढ़-चढकर हिस्सा लेने की अपील की है। स्थानीय निकायों, सार्वजनिक स्थलों, शादी हॉल और मैरिज गार्डन में अनिवार्य रूप से विवाह पंजीयन करवाने संबंधी होर्डिंग लगाने के निर्देश जारी किये गये हैं।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज रीवा से 72 सीटर हवाई सेवा संचालन का करेंगे शुभारंभ

## रीवा से 72 सीटर हवाई सेवा की शुरूआत से विकास को मिलेगा नया आयाम






**रीवा।** रीवा एयरपोर्ट के विकास के साथ आज का दिन विन्ध्य के लिए ऐतिहासिक दिन बनने जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 10 नवम्बर को रीवा से नई दिल्ली के लिए 72 सीटर हवाई सेवा का शुभारंभ करेंगे। विन्ध्यवासियों की हवाई सेवा का सपना तो पिछले साल ही पूरा हो गया था। अब 72 सीटर हवाई जहाज से सीधे नई दिल्ली जाने आने की सुविधा शुरू हो रही है। शीघ्र ही इंदौर के लिए भी 72 सीटर हवाई सेवा शुरू होने वाली है। उद्घाटन समारोह रीवा एयरपोर्ट पर प्रातः 10 बजे आरंभ होगा। समारोह में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, सांसद रीवा जनार्दन मिश्र, सांसद सतना गणेश सिंह, सांसद सीधी डॉ. राजेश मिश्रा तथा अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामय में उपस्थिति रहेगी। रीवा एयरपोर्ट का शिलान्यास 15 फरवरी 2023 को तत्कालीन केन्द्रीय विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तथा तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था। इसके निर्माण के लिए हवाई पट्टी में उपलब्ध 65 एकड़ भूमि के साथ 258 एकड़ अतिरिक्त भूमि का अर्जन किया गया। भारतीय विमान पतन प्राधिकरण ने इसका निर्माण कराया। देश के यशस्वीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 20 अक्टूबर 2024 को वर्चुअली माध्यम से रीवा एयरपोर्ट का उद्घाटन किया। इसी दिन से रीवा से जबलपुर, भोपाल, खजुराहों, सिंगरौली के लिए एयर टैक्सी और 17 सीटर हवाई जहाज की सुविधा शुरू हो गयी। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल के लगातार प्रयासों से रीवा एयरपोर्ट में 28 अक्टूबर को 72 सीटर हवाई जहाज के उतरने और उड़ान भरने की सफल टेस्टिंग हुई। इसके साथ ही एलायंस एयर द्वारा 72 सीटर हवाई जहाज के रीवा से उड़ान भरने का मार्ग प्रशस्त हो गया। विन्ध्य क्षेत्र के लिए 10 नवम्बर का दिन ऐतिहासिक दिन है। नियमित हवाई सेवा शुरू हो जाने से विन्ध्य क्षेत्र में शिक्षा, कला, सांस्कृतिक, उद्योग, स्वास्थ्य और पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा। विन्ध्य क्षेत्र में स्थित सुन्दर जल प्रपातों, भव्य मंदिरों, नेशनल पार्कों तथा अन्य पर्यटन स्थलों पर बड़ी संख्या में देशी-विदेशी पर्यटक इस हवाई सेवा का लाभ लेकर पहुंचेंगे। रीवा भविष्य में उत्तरमध्य भारत का सबसे महत्वपूर्ण हवाई सेवा केन्द्र बनने की ओर धीरे-धीरे कदम बढ़ा रहा है।

## अड़ीबाजी कर मारपीट मे फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, मोटर साइकिल चोरी के कई मामलों का हुआ खुलासा



**रीवा।** पुलिस अधीक्षक रीवा शैलेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर विगत चार माह से मारपीट मे फरार आरोपी रितिक गुप्ता को गिरफ्तार किया गया जिसने पूछताछ के दौरान मोटर साईकल चोरी व नकबजनी जैसे कुल 07 अपराध पूर्व में कारित करना स्वीकार किया जिनमें सभी में थाना अमहिया मे अपराध दर्ज है तथा चोरी गए वाहन जो आरोपी द्वारा बेचने की फिराक में इधर उधर छिपाकर रखा जाता था,ग्राहक सेट ना होने से उसे कही भी शहर में रख दिया जाता था जिस पर आरोपी से सभी मामलो मे पृथक पृथक पूछताछ कर आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया। गिरफ्तार आरोपी - रितिक गुप्ता पिता शारदा गुप्ता उम्र 22 वर्ष निवासी अर्जुन नगर अमहिया आधार सिंह के घर मे किराए का कमरा थाना अमहिया रीवा उपरोक्त कार्यवाही उनि शिवा अग्रवाल, उनि आर.एन बागरी,सउनि संतोष पाण्डेय, पुरुषोत्तम,म.प्र.आर.शबाना बेगम आर0 विकास तिवारी, आर.अनुज सिंह, आर0 898 शंकरदत्त जैसवाल की सराहनीय भूमिका रही।

# सुसंस्कृत, संस्कारित, समरस, संगठित समाज निर्माण का केन्द्र है विद्याभारती-सांसद जनार्दन मिश्रा

**रीवा**

गोविन्दगढ़ सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविन्दगढ़ के स्वर्ण जयंती वर्ष में स्थानीय रामलीला मैदान के विशाल पावन स्थल पर आयोजित वार्षिकोत्सव के प्रेरणादायी भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के अवसर में रीवा जिला के सर्वांगीण विकास व समूचे राष्ट्र को परम वैभव सम्पन्न बनाने में प्रयासरत जनप्रिय, सरल स्वभाव टीवा सासंद जनार्दन मिश्र अपने अस्वस्थता के बावजूद भी कार्यक्रम में पहुँचकर सहभागिता निभाते हुए मुख्य अतिथि के आसन्दी से कहा कि सुसंस्कृत, संस्कारित, समरस, संगठित, सामाजिक चेतना निर्माण का केन्द्र है विद्याभारती। वे अपने उदवोधन में परिवार प्रवोधन, सुसंस्कारित समाज निर्माण व राष्ट्रमक्ति की प्रेरणादायी माव व्यक्त करते जिस सादगी व सरलता का परिचय देते हुए उपस्थित जन समूह का मार्गदर्शन व विद्यालय के भैया बहिनों को प्रोत्साहित किया वह अतुलनीय व प्रशंसनीय रहा। विद्यालय के व्यवस्थापक जगदीश गुप्त एडवोकेट द्वारा दिये गये लिखित ज्ञापन में भवन निर्माण सहित समस्त मांगों को वे पूरा कर सस्स्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविन्दगढ़ को सर्वश्रेष्ठ विद्यालय बनाने का बचन दिया, जिसका विद्यालय परिवार सहित समस्त उपस्थित जन समूह ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। मुख्य अतिथि श्री मिश्र ने पत्रकार संघ के जिलाध्यक्ष अजय सिंह एवं पत्रकार व समाज सेवी शेषमणि शुक्ला को अंगवस्त्र भेंटकर उनके माध्यम से सभी पत्रकार बन्धुओं को सम्मान करते हुए उनसे गोविन्दगढ़ सहित समस्त क्षेत्र के चर्तुर्दिक विकास में अपनी महती सक्रिय भूमिका निभाते हुए उनसे सहयोग करते रहने का आग्रह किया।विद्यालय के स्वर्णजयंती वर्ष के इस भव्य वार्षिकोत्सव के रंगमंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रचारक व विद्या भारती के प्रदेश संगठन मंत्री अमित दबे, जिन्होंने अपना समूचा जीवन ही देश, समाज व विशेषकर विद्याभारती के भैया बहिनों की सेवा में समर्पित कर रखा है. तथा अपने त्याग व तपस्या से उनका चर्तुर्दिक विकास व उन्हें सर्वोत्तम शिक्षा देते हुए उनमें देशभक्ति व सामाज सेवा का भाव जागृत करके समरस समाज का निर्माण व देश को परम वैभव सम्पन्न बनाने के लिए समूचे मध्यप्रदेश को ही अपनी तपस्थली बना रखा है। ने कार्यक्रम की अध्यक्षता कर कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। विद्यालय के भैया बहिनों के सभी सांस्कृतिक कार्यक्रम अत्यंत ही मनोहारी मनभावन सुन्दर, सुसंस्कृत शिक्षाप्रद तथा देशभक्त व समाज सुधार के भाव जागृत करने वाले प्रेरणादायी तथा अद्वितीय रहे. जो दर्शनीय ही नहीं वर्णनीय रहे। सभी उपस्थित दर्शक सायं 05रू30 बजे के पूर्व से 10रू00 बजे रात्रि तक मंत्रमुग्ध सा बैठे मनमोहकआप्रेशन सिंन्दूर, महारानी लक्ष्मीबाई, महाभारत व बदलता हुआ भारत जेसे वीर रस की प्रस्तुतियों से दर्शक व स्त्रोतओं के सिराओं में जहाँ शौर्य व वीरता का सुनामी ज्वार पैदा कर दिया वहीं गणेश वंदना, वाणी वंदना सम्पूर्ण रामायण, कालनेमी, शिव-पार्वती नृत्य, शिव ताण्डव नृत्य जैसे भक्ति की भाव समाधि लगा दी एवं नशामुक्ति, सफाई अभियान व शोसल मीडिया का दुरुउपयोग एवं धरती का दर्द आदि सांस्कृक्तिक कार्यक्रम सामाजिक सुधार की क्रांतिकारी जागृति ज्योति जला दी। विद्यालय के स्वर्ण जयंती के शुभ अवसर पर संस्था के अध्यक्ष, व्यवस्थापक, व भाजपा पार्षद ज्ञानेन्द्र सिंह, ग्यारह ग्यारह हजार रुपये, आचार्य सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय, गुलाब सिंह ने एक माह का वेतन, पांच पांच हजार रुपये विद्यालय के नियमित आचार्यों ने ग्यारह ग्यारह सौ रुपये, एवं सेवा निवृत्त आचार्य उमेश विश्वकर्मा, राजभान प्रसाद तिवारी, ने पांच-पांच हजार रुपये, विद्यालय को सहयोग राशि प्रदान किए। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से गुढ़ के प्राचार्य गुलाब सिंह, बैकुण्ठपुर प्राचार्य नागेन्द्र सिंह, सरस्वती पुरम जेलमार्ग के प्राचार्य ज्ञानेन्द्र तिवारी, निराला नगर विद्यालय के प्राचार्य उमाशंकर पाठक, रायपुर कर्चुलियान के प्राचार्य सुनील सिंह, सहित समस्त आचार्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रीवा जिला के पूर्व सी० एम० ओ० डॉ० बी० एल० मिश्रा ने क्षेत्र स्तर में संगीत प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली विद्यालय की बहिन नैनसीं कुशवाहा को 1000/-रुपये देकर व सभी कलाकारों को पारितोषिक प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की सुनियोजित तैयारी विद्यालय के प्राचार्य सतीष कुमार त्रिपाठी व समस्त आचार्यगण प्राणपण से जुटकर किया, जिनका मार्गदर्शन घोष प्रशिक्षक आर एस०एस० के पूर्व जिला प्रचारक एवं वर्तमान विद्याभारती के प्रान्तीय घोष प्रमुख पुष्पेन्द्र सिंह ने किया। आभार गुलाब बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष सहदेव गुप्त ने किया। विद्याभारती के प्रदेश सह सचिव नीरज खरे, विभाग समन्वयक रवि मिश्रा,देवेन्द्र मिश्रा पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष मकसूदन गुप्त, केशव सोधिया, संतोष गुप्त, ओमशंकर गुप्त काशी प्रसाद गुप्ता, शिवनारायण सोनी, विजय उर्फ बिज्जू गुप्ता, भाजपा व्यापारी संघ जिला रीवा के संयोजक प्रकाश गुप्ता, सेवा निवृत्ति प्राचार्य श्रवण कुमार सिंह तिवारी, पूर्व पूर्णकालिक भाजपा नेता अनंत प्रकाश गुप्ता, शैलेन्द्र सिंह,मोहन लाल अग्निहोत्री विनोद पाण्डेय परसिया, केशरी नंदन मिश्रा मड़वा राजेन्द्र पाण्डेय बांसा, श्याम विहारी गुप्ता मुकुन्दपुर, रज्जन पटेल, पूर्व प्रधानाचार्य प्रद्युम्न मिश्रा पत्रकार दिनेश तिवारी एडवोकेटअखण्ड प्रकाश गुप्ता, संदीप शुक्ला , राजीव गुप्ता , रामप्रकाश गुप्ता , युवा सामजिक कार्यकता अग्निवेश गुप्त, नितीश गुप्ता, हर्षित गुप्ता एवं समस्त आचार्य परिवार सहित हजारों माता बहन कार्यक्रम में आकर अपनी सहभागिता निभाई, जिनको विद्यालय के अध्यक्ष व व्यवस्थापक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## हैप्पी स्ट्रीट का जोश जुंबा की धुनों पर थिरके बच्चे, युवा और बुजुर्गः नगर निगम के हैप्पी स्ट्रीट में खेल, चित्रकारी और मस्ती का संगम देखने को मिला





**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन में नगर निगम रीवा की टीम द्वारा आयोजित हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम का उल्लासपूर्ण आयोजन हुआ। अटल पार्क में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर आयु वर्ग के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का खास आकर्षण रही जुंबा प्रस्तुति, जिसमें प्रशिक्षकों की अगुवाई में सैकड़ों प्रतिभागियों ने ऊर्जावान संगीत पर व्यायाम करते हुए पूरी तरह आनंद लिया। इसके साथ ही टायर रेस और सैक रेस जैसे पारंपरिक खेलों ने एक नया जोश भर दिया। वहीं, लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर, रस्साकशी, चित्रकारी जैसी गतिविधियों ने भी सभी को खूब रोमांचित किया। निगम के बाल कौशल केंद्र के प्रशिक्षित बच्चों ने भी ताइक्वांडो प्रदर्शित कर अपने आत्मरक्षा के गुर दिखाए। कार्यक्रम के समापन पर उपायुक्त श्री प्रकाश द्विवेदी ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया और प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन नागरिकों के बीच आपसी मेलजोल, स्वस्थ जीवनशैली और सकारात्मक माहौल को बढ़ावा देते हैं। यह मनोरंजन के साथ लोगों को आपस में जोड़ने और तनावमुक्त वातावरण बनाने का एक शानदार माध्यम भी हैं। इस दौरान शारदा गुरुकुलम, सेंट्रल अकादमी, ज्ञानस्थली, मार्तंड स्कूल एवं अन्य विद्यालयों के छात्रों ने भी इस अवसर पर बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, सिटी मिशन मैनेजर श्रीमती प्रीति रोचलानी, निगम की आईईसी टीम एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## सरेराह युवक के साथ मारपीट कर अपहरण का प्रयास, तीन गिरफ्तार बिछिया थाने के चिरहुला मंदिर के समीप हुई घटना



**रीवा।** मोबाइल के विवाद में एक युवक के साथ आरोपियों ने मारपीट कर उसका अपहरण करने का प्रयास किया। हालांकि तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच गई थी जिससे आरोपी अपने इरादों को अंजाम देने में कामयाब नहीं हो पाए। तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। निखिल चौरसिया निवासी महसांव थाना गुढ़ शुक्रवार की सांयकाल गरीवा से बाइक में सवार होकर अपने गांव जा रहा था। सांयकाल वह जैसे ही चिरतुला मंदिर के सामने पहुंचा तभी फोरव्हीलर वाहन में सवार होकर आए आरोपियों ने उसे रोक लिया। इस दौरान उसके साथ जमकर मारपीट की और जबरदस्ती गाड़ी में बैठाकर ले जाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस पहुंच गई,और युवक को मुक्त करवा लिया। घटना को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें अंकित वर्मा पिता रमेश वर्मामा 25 साल निवासी लक्ष्मणबाग थाना बिछिया, शुभम वर्मा पिता सुरेश वर्मा 19 वर्ष निवासी पुरैना थाना रायपुर कर्चुलियान, कृष्णा कोल पिता छोटेलाल 19 वर्ष निवासी लक्ष्मणवाग थाना बिछिया शामिल है। थाना प्रभारी मनीषा उपाध्याय ने बताया कि तीनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## बलात्कार व पॉक्सो एक्ट के मामले में आरोपी सोहेल दोष मुक्त, जिला सत्र न्यायालय ने सुनाया फैसला



**रीवा।** विशेष न्यायालय (पॉक्सो) ने एक चर्चित मामले में आरोपी सोहेल खान को दोषमुक्त करार दिया है। यह फैसला न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश, रीवा, के समक्ष विशेष सत्र प्रकरण क्रमांक 39/2025 राज्य बनाम सोहेल खान में सुनाया गया। मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत तथ्यों के अनुसार, 13 वर्षीय पीड़िता की मां ने थाना सिविल लाइन रीवा में 28 मई 2025 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री घर से लापता है। पुलिस ने प्रारंभ में अपराध क्रमांक 180/2025 धारा 137(2) बी.एन.एस. के तहत प्रकरण दर्ज किया था।बाद में पीड़िता के दस्तयाब होने पर उसने पुलिस को दिए बयान में बताया कि वह आरोपी सोहेल खान को दो वर्ष से जानती थी और उसी के बहकावे में आकर घर से भाग गई थी। पीड़िता ने यह भी कहा कि आरोपी ने उसके साथ कई बार बलात्कार किया। इस आधार पर पुलिस ने प्रकरण में धारा 87, 64(2) बी.एन.एस. के साथ-साथ पॉक्सो एक्ट की धाराएँ 3, 4, 5, 6 जोड़ींआरोपी फरार था जिसे 30 मई 2025 को गिरफ्तार कर लिया गया था। पुलिस ने विवेचना उपरांत 2 जुलाई 2025 को चालान न्यायालय में प्रस्तुत किया। डीएनए रिपोर्ट में अभियुक्त और पीड़िता का मेल पाया गया था। साक्ष्य और गवाहों के बयान के परीक्षण के बाद न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष आरोपों को संदेह से परे सिद्ध करने में असफल रहा। परिणामस्वरूप न्यायालय ने 8 नवम्बर 2025 को अपना फैसला सुनाते हुए आरोपी सोहेल खान को सभी आरोपों से बरी कर दिया। इस मामले में आरोपी की ओर से अधिवक्ता कुलदीप सिंह सोमवंशी ने पैरवी की।

## उप मुख्यमंत्री से कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री ने की सौजन्य भेंट



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल से उनके अमहिया स्थित निवास में प्रदेश के कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम जी टेटवाल ने सौजन्य भेंट की। उल्लेखनीय है कि डॉ. टेटवाल स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के लिये रीवा आये थे।

## उप मुख्यमंत्री ने व्हाइट टाइगर सफारी का किया भ्रमणकेन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली से वन्य प्राणियों के आदन-प्रदान के संबंध में ली जानकारी



**रीवा।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने महाराजा मार्तण्ड सिंह व्हाइट टाइगर सफारी एण्ड जू मुकुंदपुर का भ्रमण कर वन्य प्राणियों के लिये वाडों से निर्माण की प्रगति तथा जू की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने वाक इन एवियरी रेप्टाइल हाउस का निरीक्षण किया। उप मुख्यमंत्री ने जू के नवीन मास्टर प्लान के लेआउट, टाइगर ब्रीडिंग सेंटर के डीपीआर के अनुसार केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण नई दिल्ली से अनुमोदन एवं वन्य प्राणियों के आदन-प्रदान के संबंध में समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के वन समिति के सभापति हरीशकांत त्रिपाठी, वन मण्डलाधिकारी मयंक चांदीवाल सहित जू के डायरेक्टर उपस्थित रहे।

## खाद्यान्न घोटाले की जांच पर मुख्यमंत्री की सख्ती, पूरे प्रदेश के कलेक्टरों से जवाब-तलब, सेमरिया विधायक अभय मिश्रा की पहल

**मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद किसानों के भुगतान के लिए फूड कंट्रोलरो से मांगी गई जानकारीअब खुलेंगे पांच साल के गबन के राज, जल्द हो सकती है बड़ी कार्यवाही**

**रीवा।** खाद्यान्न घोटाले का मामला अब तूल पकड़ चुका है। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने इस मामले में गंभीरता दिखाते हुए पूरे प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टरों और खाद्य नियंत्रकों से एक दिन के भीतर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। बता दे सेमरिया विधायक अभय मिश्रा ने मुख्यमंत्री से मिलकर रीवा सहित प्रदेश में चल रहे खाद्यान्न घोटालों, भ्रष्टाचार और किसानों के भुगतान में अनियमितताओं के पुख्ता साक्ष्य प्रस्तुत किए। बताया जा रहा है कि मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस मुलाकात के दो दिन के भीतर ही भोपाल से शासन स्तर पर पत्र जारी कर दिया गया। इस पत्र में सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देश दिया गया है कि खाद्यान्न खरीदी केंद्रों में हुई गड़बड़ियों, अधिकारियों की भूमिका और किसानों को किए गए भुगतान का पूरा ब्यौरा तत्काल भेजा जाए। इस जांच के तहत पिछले पांच वर्षों के दौरान हुए समस्त खाद्यान्न क्रय-विक्रय, भुगतान, परिवहन और भंडारण की प्रक्रियाओं की बारीकी से समीक्षा की जाएगी। शासन यह पता लगाने में जुट गया है कि इन पांच वर्षों में कितना गबन हुआ, किन केंद्रों पर अनियमितताएँ सामने आईं, किन अधिकारियों की जांच हुई और किन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस कदम के बाद यह उम्मीद जगी है कि खरीदी केंद्रों पर किसानों की मेहनत की कमाई में सेंध लगाने वाले अधिकारियों और बिचौलियों की काली कमाई अब उजागर होगी। रीवा जिले केसेमरिया क्षेत्र के 59 किसानों का खरीदी केंद्रों से संबंधित भुगतान अब तक लंबित है। कई किसान महीनों से अपने बकाया की प्रतीक्षा में हैं। उन्होंने कहा कि शासन को जहां एक ओर जांच की रफ्तार तेज रखनी चाहिए, वहीं दूसरी ओर किसानों को उनका खून-पसीने की कमाई का उचित भुगतान शीघ्र सुनिश्चित करना चाहिए। रीवा जिले में खाद्यान्न खरीदी के दौरान बड़े पैमाने पर मनमानी के आरोप सामने आए थे, कई खरीदी केंद्रों में तौल के नाम पर किसानों से प्रति ट्रॉली 2 से 3 हजार रुपये तक वसूले जाने की शिकायतें आई थी। वही कुछ केंद्रों पर अधिकारियों और बिचौलियों की मिलीभगत से तौल कम दिखाने, भुगतान रोकने और रिकॉर्ड में हेरफेर करने जैसी गतिविधियाँ की जाती रहीं। यही कारण है कि किसानों को समय पर भुगतान नहीं मिला और कई शिकायतें दबा दी गईं। अब मुख्यमंत्री द्वारा की गई इस व्यापक जांच से इन सभी अनियमितताओं का पर्दाफाश होने की उम्मीद है।

# खेत जोतने से मना करने पर विकलांग महिला और पति से मारपीट का आरोप

### जमीनी विवाद में महिला और उसके पति के साथ अभद्र व्यवहार



**मऊगंज।** जिले के जनपद पंचायत नईगढ़ी क्षेत्र के ग्राम सुमेदा कलां में जमीनी विवाद के चलते एक विकलांग महिला और उसके पति के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है।जानकारी के अनुसार, ग्राम सुमेदा कलां निवासी किरण द्विवेदी, पत्नी जगजाहिर प्रसाद द्विवेदी, जो शारीरिक रूप से विकलांग हैं, ने बताया कि जब उन्होंने अपने खेत को जोतने से मना किया, तो अरुण कुमार शुक्ला पिता रामाभिलास शुक्ला, त्रियुगीनारायण शुक्ला पिता जगदीश प्रसाद शुक्ला, ददन उर्फ राजकुमार शुक्ला, तथा अरुण शुक्ला पिता रामजी शुक्ला ने मिलकर दोनों पति-पत्नी के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट और धक्का-मुक्की की।मारपीट के दौरान जगजाहिर प्रसाद द्विवेदी को चोटें आईं। पीड़िता ने बताया कि आरोपी जबरन खेत जोतने और कब्ज़ा करने का प्रयास कर रहे थे। विरोध करने पर उन्होंने अभद्र व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी भी दी।पति ने बताया कि 07/11/2025 को ही आरोपी अरुण और त्रियुगीनारायण शुक्ला ने ट्रैक्टर चढ़ाकर मारने की धमकी दी थी। उसी दिन पीड़िता ने थाना नईगढ़ी में आवेदन देकर सुरक्षा की गुहार लगाई थी।घटना की शिकायत विकलांग महिला किरण द्विवेदी ने थाना नईगढ़ी में दर्ज कराई है। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मऊगंज मे केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल का हुआ आगमन

## सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण, पूजन के साथ किया वृक्षारोपण



**मऊगंज।** जिले के पटेहरा मे केंद्र सरकार में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल पहुंचीं।यहां उन्होंने लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की भव्य प्रतिमा का विधिवत अनावरण और पूजन किया।कार्यक्रम के दौरान मंत्री ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।मंच पर मऊगंज के भाजपा विधायक प्रदीप पटेल सहित अपना दल (एस) के तीन विधायक मौजूद रहे।प्रशासन और पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतज़ाम किए थे।मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भारी संख्या में जुटी भीड़ नेकेंद्रीय मंत्री का भव्य स्वागत किया। अपने संबोधन में अनुप्रिया पटेल ने सरदार पटेल की रियासतों को एकजुट करने की ऐतिहासिक भूमिका को याद कियाऔर कहा कि आज देश को फिर उसी एकता के संदेश की जरूरत है।मीडिया से बातचीत में उन्होंने बिहार चुनाव पर कहा —जनता में उत्साह है, एनडीए भारी बहुमत से जीतेगा।उन्होंने यह भी कहा कि एनडीए ने बिहार को बीमारू राज्य की श्रेणी से बाहर निकाला है।

## नुक्कड़ नाटक का आयोजन संपन्न



**रीवा।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशन में ग्राम सिसवालाल विद्यालय में वंदे मातरम गायन के उपरांत "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना" के अंतर्गत प्रेरक एवं जनजागरूकता से भरपूर नुक्कड़ नाटक का आयोजन सर्व सेवा सामाजिक उत्थान संस्थान रोझोही, सिरमौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य समाज में महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, बालिकाओं के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण, तथा बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुँचाना रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक विजेन्द्र खरे ने कहा कि बेटियाँ समाज की नींव हैं यदि उन्हें शिक्षा, सम्मान और अवसर मिले, तो वे परिवार और समाज दोनों को नई दिशा दे सकती हैं। सर्व सेवा सामाजिक उत्थान संस्थान के अध्यक्ष मुकेश सिंह, सचिव रामनारायण मिश्रा, जीवनदास मिश्रा सहित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के संदेश को जनसामान्य तक पहुँचाने की प्रेरणा दी। कलाकारों की जीवंत प्रस्तुति, संवादों की प्रभावशीलता और भावनात्मक दृश्यों ने उपस्थित दर्शकों को गहराई से प्रभावित किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, छात्र-छात्राएँ, शिक्षकगण, अभिभावक तथा समुदाय के विभिन्न वर्गों के लोग उपस्थित रहे।